# कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड
विश्वकर्मा भवन, प्रथम तल, सुभाष रोड़, सचिवालय परिसर, देहरादून– 248001

फोन न0 (0135) – 2713760, 2713551
फैक्स न0 (0135) – 2713724


संख्याः 2051 /XXV–(P-7)/2008 देहरादूनः दिनाक 26 अप्रैल, 2019.

सेवा में,

लोक सूचना अधिकारी/
सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी,
जिला निर्वाचन कार्यालय
देहरादून।

**विषयः–** **सूचना के अधिकार के अन्तर्गत चाही गयी सूचनाओं से संबंधित आवेदन पत्र का हस्तान्तरण।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक अनु सचिव एवं लोक सूचना अधिकारी, राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड के पत्र संख्या–585/रा0नि0आ0–1/2600/2019 दिनांक 24 अप्रैल, 2019 के साथ संलग्न श्री विनोद कुमार कन्नौजिया, आर0टी0आई0/कार्यकर्ता, 194 गुरूद्वारा कालोनी, क्लेमनटाउन कैन्ट, देहरादून–पिन–248002 के प्रार्थना पत्र दिनांक 23 अप्रैल, 2019 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से उनके द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत सूचना उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया है, की प्रति इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि आवेदक द्वारा चाही गयी वांछित सूचना आपके कार्यालय से संबंधित है, जिसे सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 की धारा 6 (3) के अन्तर्गत अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु हस्तान्तरित किया जा रहा है।

अतः कृपया नियमानुसार वांछित सूचना आवेदक को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**संलग्न–यथोपरि।**

भवदीय,

(डी0पी0डंगवाल)
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी

**पृ0संख्या 2051 /XXV–12(1–5)/2008, तद्दिनांक।**

प्रतिलिपि श्री विनोद कुमार कन्नौजिया, आर0टी0आई0/कार्यकर्ता, 194 गुरूद्वारा कालोनी, क्लेमनटाउन कैन्ट, देहरादून–पिन–248002 को सूचनार्थ प्रेषित।

((डी0पी0डंगवाल)
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी

rti 2019

प्राप्त – 25/4/19

सूचना का अधिकार

सत्यमेव जयते


# राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड

निर्वाचन भवन, लाडपुर, मसूरी बाईपास, रिंग रोड, देहरादून।

दूरभाष : 0135–2673011, 2671671 टैलीफैक्स : 0135–2670998, 2678945 E-Mail : sec.uttarakhand@gmail.com


संख्या– 585 /रा0नि0आ0–1/2600/2019 दिनांक 24 अप्रैल, 2019

## सूचना के अनुरोध को दूसरे प्राधिकारी को हस्तातंरण के लिए प्रपत्र

सेवा में,

लोक सूचना अधिकारी/
अनुभाग अधिकारी,
कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड,
सचिवालय परिसर, देहरादून।

महोदय,

कृपया श्री विनोद कुमार कन्नौजिया, आर0टी0आई0/कार्यकर्ता का सूचना अनुरोध–पत्र दिनांक 23.04.2019 जो राज्य निर्वाचन आयोग में दिनांक 24.04.2019 को प्राप्त हुआ है। अनुरोधकर्ता के उक्त अनुरोध–पत्र को मूलरूप में पोस्टल आर्डर व संलग्नकों सहित संलग्न कर इस आशय से प्रेषित है कि अनुरोध–पत्र में चाही गयी सूचना जो आपके विभाग से संबंधित है, कृपया अनुरोधकर्ता को अपने स्तर से नियमानुसार उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

इस पत्र की एक प्रति अनुरोधकर्ता को सूचनार्थ प्रेषित की जा रही है।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

25/4/19
(बी0पी0कोठारी)
अनु सचिव/
लोक सूचना अधिकारी।
मो0नं0–7534820707

संख्या– /रा0नि0आ0–1/2600/2019 तद्दिनांक।(पंजीकृत)

प्रतिलिपिः– श्री विनोद कुमार कन्नौजिया, आर0टी0आई0/कार्यकर्ता, 194 गुरूद्वारा कालोनी, क्लेमनटाउन कैन्ट, देहरादून–पिन–248002 को सूचनार्थ।

(बी0पी0कोठारी)
अनु सचिव/
लोक सूचना अधिकारी।

55
24/5/19

सेवामें,

लोक सूचना अधिकारी
उत्तराखण्ड निर्वाचन कार्यालय
देहरादून।

विषय:- सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत प्रार्थना पत्र:-

महोदय,

प्रार्थी निम्न लिखित सूचना चाहता है लोक सभा चुनाव दिनांक 11 अप्रैल 2019के सम्बन्ध मे:-

1:- यह कि निर्वाचन क्षेत्र 18 धर्मपुर मतदेय स्थल संख्या 203 उच्च प्राथमिक विद्यालय छावनीपरिषद क्लेमनटाउन देहरादून कमरा नं0 02 मे पीठासीन अधिकारी एंव कौन-कौन कर्मचारी ड्यूटी पर थे उनके नाम, पद एंव विभाग के नाम बताने की कृपा करे।

श्री नयाल
24/4/19
(बी० पी० कोठारी)
अनु सचिव
राज्य निर्वाचन आयोग
उत्तराखण्ड

2:- यह कि प्रार्थी जो कमरा नं0 2 भाग संख्या 203 मे कांग्रेस पार्टी का अभिकर्ता था को पीठासीन अधिकारी ने सुबह कहा कि आपकी शिकायत निर्वाचन अधिकारी को करी गयी है और मेरे रूम मे आपके विरूद्द शिकायत आ है उस शिकायत की सत्य प्रतिलिपि देने की कृपा करे।

2:- यह कि मेरी शिकायत किसने करी और किस पार्टी के लोगों ने उनके नाम पता एंव पार्टी का नाम बताने की कृपा करे।

4:- यह कि मेरी शिकायत किस-किस निर्वाचन अधिकारी एंव कर्मचारी को करी उनके नाम पद एंव विभाग बताने की कृपा करे।

5:- यह कि मेरी शिकायत किस-किस विषय के सम्बन्ध मे करी गयी बताने की कृपा करे एंव शिकायत पत्र की सत्य प्रतिलिपि देने की कृपा करे।

Vikalcomar

6:-यह कि मेरी शिकायत किस मोबाईल नम्बर से एंव मेल से करी गयी बताने की कृपा करें।

7:- यह कि मेरी शिकायत श्री महेश पाण्डेय पुत्र श्री हरिदत्त पाण्डेय बी0 जे0 पी0 कार्यकर्ता ने करी बताने की कृपा करें ।

संलग्नक- मतदान अभिकर्ता प्रवेश पत्र

प्रार्थी

Vinod Kumar

( विनोद कुमार कन्नोजिया )
आर0टी0आई0/कार्यकर्ता

दिनांक- 23/4/2019

देहरादून

क्रम संख्या/SL. No. 2

लोक क सभा / विधान सभा सामान्य / उप निर्वाचन, 20........

Lok Sabha / Assembly General / ~~Bye Election~~ 2019

## मतदान अभिकर्ता का प्रवेश–पत्र

## Entry Pass for Polling Agent.

विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की संख्या तथा नाम 18 DHARAM PUR

No. & Name of Assembly Constituency.

मतदेय स्थल की संख्या तथा नाम 203, Upper Primary School, Cantt. Clementown, Dehradun

No. & Name of Polling Station.

निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी का नाम AMBRISH KUMAR

Name of Contesting Candidate.

मतदान अभिकर्ता का नाम ~~VARUN BALIYAN~~ VINOD KUMAR KANNOJIYA

Name of Polling Agent.

मतदान अभिकर्ता के प्रतिस्थानी

का का नाम(यदि कोई हो)

Name of Reliever Polling Agent (if any)

पीठासीन अधिकारी के हस्ताक्षर

Signature of Presiding Officer.